बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

सं0 सं0 : 01 / भू0अ0नि0 (6)क्रय (Helpline/Call Centre)– 07 / 2025 1876

सेवा में,

महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी),
वीरचन्द पटेल पथ,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक– 25/04/2025

विषय : राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं को बढ़ावा देने तथा आम नागरिकों को जानकारी देने तथा समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से Helpline/Call Centre की स्थापना एवं संचालन राज्यहित में नामांकन के आधार पर CSC, e-Governance Service India Limited, New Delhi के द्वारा कराने हेतु कुल **37,20,000.00 (सैतीस लाख बीस हजार)** रूपये मात्र के व्यय की स्वीकृति।

आदेश : **स्वीकृत।**

2. मे0 CSC, e-Governance Service India Limited, New Delhi के पत्रांक– CSC/BIH/Call Centre/LAND&REV/11/24/01 दिनांक 14.11.2024 द्वारा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अन्तर्गत Helpline/Call Centre की स्थापना एवं संचालन संबंधी प्रस्ताव समर्पित किया गया है, जिसके आलोक में एजेंसी द्वारा 10 सदस्यीय प्रशिक्षित टीम के माध्यम से विभागीय योजनाओं को बढ़ावा देने तथा आम नागरिकों को जानकारी देने तथा समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से Helpline/Call Centre की स्थापना एवं संचालन किया जायेगा।

3. उक्त कार्य के लिए एजेंसी के माध्यम से आपूर्ति किये जाने वाले मानवबल के लिए उनके द्वारा समर्पित विपत्रों का भुगतान इस स्वीकृत राशि 37,20,000.00 (सैतीस लाख बीस हजार) रूपये मात्र से किया जायेगा।

4. इस Helpline/Call Centre की स्थापना एवं संचालन के लिए भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय स्तर पर पूर्व से स्थापित Toll Free No. 1800 345 6215 का उपयोग किया जायेगा, जिससे उद्भुत विपत्रों का भुगतान इत्यादि इस स्वीकृत राशि इतर भू–अभिलेख एवं परिमाप स्तर से किया जायेगा।

5. इस Helpline/Call Centre की स्थापना एवं संचालन के लिए सभी प्रकार की व्यवस्था यथा– प्रस्तावित कॉल सेन्टर संचालित करने का स्थान, कॉल सेन्टर संचालन के लिए आवश्यक हाईवेयर एवं सॉफ्टवेयर तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर, विद्युत आदि सभी प्रकार के व्यय भार का वहन CSC, e-Governance Service India Limited, New Delhi के द्वारा किया जायेगा। इसके लिए विभाग / निदेशालय स्तर से कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जायेगा।

6. राशि का व्यय मुख्य शीर्ष – 2029 – भू–राजस्व – उप मुख्यशीर्ष – 00 – लघुशीर्ष – 102 – सर्वेक्षण तथा बंदोबस्त कार्य – उप शीर्ष – 0101 – सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्य का पुनरीक्षण, माँग संख्या – 40, विपत्र कोड 40–2029001020101, राज्य योजना स्कीम कोड REV-5536 के अन्तर्गत विषय शीर्ष – व्यवसायिक कला तकनीकी सेवाएँ, इकाई कोड – 28 04 में उपबंधित राशि से की जायेगी।

7. योजनार्न्तगत कार्य हेतु उपबंधित एवं स्वीकृत राशि की निकासी के लिए महालेखाकार से प्राधिकार पत्र प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होगी।

8. सभी निकासी, सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना से की जायेगी। विधिवत् रूप से स्वीकृत एवं अनुमान्य दर पर राशि की निकासी एवं व्यय के लिए निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना होंगे।

9. इस योजना के लिए कर्णांकित राशि के व्यय की स्वीकृति के प्रस्ताव पर निदेशालय की संचिका संख्या 01/भू0अ0नि0 (6)क्रय (Helpline/Call Centre)– 07/2025 की टिप्पणी पृष्ठ संख्या– 22 /टि0 में दिनांक 8.04.25 को विभागीय अपर मुख्य सचिव एवं टिप्पणी पृष्ठ संख्या– 22 /टि0 में दिनांक 8.04.25 को विभागीय माननीय मंत्री का अनुमोदन प्राप्त है।

10. भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना की संचिका संख्या 01/भू0अ0नि0 (6)क्रय (Helpline/Call Centre)– 07/2025 के टिप्पणी पृष्ठ 15 /टि0 दिनांक 10.03.25 पर विभागीय आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त कर स्वीकृत्यादेश का संसूचन किया गया है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

(जय सिंह) 24/4/25
सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (6)क्रय (Helpline/Call Centre)– 07/2025 1876 **पटना, दिनांक** 25/04/2025

प्रतिलिपि : योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/वित्त विभाग (बजट शाखा), बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (6)क्रय (Helpline/Call Centre)– 07/2025 1876 **पटना, दिनांक** 25/04/2025

प्रतिलिपि : निदेशक/अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना/बजट शाखा, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (6)क्रय (Helpline/Call Centre)– 07/2025 1876 **पटना, दिनांक** 25/04/2025

प्रतिलिपि : कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (6)क्रय (Helpline/Call Centre)– 07/2025 1876 **पटना, दिनांक** 25/04/2025

e-Mail

प्रतिलिपि : आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना/प्रभारी, आई0 टी0 कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय तथा निदेशालय के बेवसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

सचिव 24/4/25
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग